दिनांक: 04 जुलाई 2024

सहायक के पदों की भर्ती- पैनल वर्ष 2023: बैंक के भुवनेश्वर कार्यालय में नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नम्बर का प्रदर्शन

बैंक की वेबसाईट www.rbi.org.in पर दिनांक 13 सितम्बर 2023 को सहायक के पदों की भर्ती – पैनल वर्ष -2023 हेतु प्रकाशित विज्ञापन का संदर्भ ग्रहण करें। ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन, भाषा दक्षता परीक्षा (एलपीटी) और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर उपरोक्त पदों के लिए अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची नीचे दिए गए लिंक में दी गई है:

"अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों का रोल नम्बर"

उम्मीदवारों की नियुक्ति, उनके मेडिकल रूप से फिट होने और उल्लिखित विज्ञापन में निर्धारित अन्य नियमों एवं शर्तों को पूरा करने के अधीन है। कृपया ध्यान दें कि आवश्यक प्रमाण-पत्रों/ दस्तावेजों और/ या किसी नियमों एवं शर्तों को पूरा नहीं करने की स्थिति में उम्मीदवारों को बैंक में नियुक्त नहीं किया जाएगा।

अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव-पत्र, भुवनेश्वर कार्यालय द्वारा हमारे पास उपलब्ध उनके ईमेल/डाक पते पर भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक
मानव संसाधन प्रबंधन विभाग
भुवनेश्वर

अस्वीकरण:
हालांकि सफल उम्मीदवारों की सूची तैयार करते समय अत्यंत सावधानी बरती गई है, अनजाने में हुई त्रुटि, यदि कोई हो तो, को सुधारने का अधिकार बैंक सुरक्षित रखता है।

टिप्पणी:
1. अजा / अजजा / अपिव/ ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी, परिणाम जारी होने की तारीख से **एक माह** के भीतर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए जाति/ ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने के अधीन है।